

# साईं भक्ति में सराबोर रहा शास्त्री नगर, प्रभात फेरी में उमड़े लोग





**▸ आधा किलोमीटर तक पुष्पों से सजा मार्ग, जगह-जगह किया भव्य स्वागत**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शास्त्री नगर क्षेत्र में गुरुवार को साईं भक्ति से ओतप्रोत प्रभात फेरी का भव्य आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के दौरान बाबा की अगवानी के लिए सड़कों को पुष्पों से सजाया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की।

आयोजन की खास बात यह रही कि करीब आधा किलोमीटर तक सड़क पर पुष्प बिछाए गए, जिससे पूरा मार्ग सुगंधित और अत्यंत आकर्षक नजर आया। पूरे शास्त्री नगर में प्रभात फेरी ने भ्रमण किया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। यह आयोजन न केवल भक्ति का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश भी दे गया। इसके पूर्व बुधवार की रात्रि में भिक्षा झोली का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**फूलों से सजी सडकें:** बाबा के स्वागत में क्षेत्र के नागरिकों से पहले से तैयार की थी। सड़कों को फूलों से सजाया गया था। इसमें स्वागत सहित अन्य स्लोगन लिखे गए थे। बाबा की पालकी के अगामन पर आरती उतारी गई और स्वागत किया गया।

**मंत्र जाप करते चले श्रद्धालु**

प्रभात फेरी में आगे 11 ध्वजाओं और 11 छत्रों शामिल थे। इसके साथ ही साईं बाबा का सुसज्जित रथ चल रहा था, जिसमें बाबा की मूर्ति विराजमान थी। रथ के पीछे महिलाएं, पुरुष, बच्चे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी के दौरान शामिल श्रद्धा-सुबरी सहित अन्य मंत्रों का जाप करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

# रतलाम शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित, 31 पदाधिकारियों की सूची जारी

**▸ युवा-वरिष्ठों का संतुलन, चुनावी तैयारियों को गति**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रतलाम शहर जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को मंजूरी दे दी है। यह स्वीकृति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा के बाद जारी की गई। संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले द्वारा जारी आदेश में 31 पदाधिकारियों की सूची घोषित की गई है, जिसमें विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं।

कमरूद्दीन कच्छवाय को संगठन महामंत्री और चन्द्रमोहन मेहता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, जिनमें रजनीकांत व्यास, यास्मीन शेखनी, अमरसिंह शेखावत, रामचंद्र धाकड़, नासिर कुरैशी और विजय उपाध्याय शामिल हैं। इसके अलावा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में महासचिव और सचिव भी बनाए गए हैं। महासचिव पद पर डॉ. मुस्तफा मूद वाला, बसंत पण्ड्या, हसमतुल्ला शेख, हरीश पेमल, गणेश यादव, अनिल भटनागर, सोनू व्यास, सलीम बागवान, रमेश पोरवाल और हरविंदर सिंह नंदरा सहित कई नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह सचिव पद पर रवि वर्मा, ईश्वरसिंह गामड़, आशिफ अली अंसू, मंजुबाला गुर्जर, इक्का बेलूत, देवेंद्र गुर्जर सरदाना, राधा प्रजापत, पवन सुथार, दिलीप कौशल चावड़ी और शाकिर अंसारी को शामिल किया गया है। इसके अलावा सुजीत उपाध्याय को प्रवक्ता तथा रोहित मीणा को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। जारी पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि सभी नव नियुक्त पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आपसी समन्वय और सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करें।

**एक नजर में**

## संबल योजना : जिले के 674 हितग्राहियों को मिली 14.39 करोड़ रुपए की सहायता



**रतलाम।** सहायक श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आज 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास समत्व, भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के संबल योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से हितलाभ वितरित किए गए। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के कुल 27,167 हितग्राहियों के खातों में 600 करोड़ रूपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित की गई। रतलाम जिले में कुल 674 हितग्राहियों को 14.39 करोड़ रुपए की राशि का लाभ प्राप्त हुआ है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन एनआईसी कक्ष रतलाम में हितग्राहियों की उपस्थिति में किया गया।

## पेयजल व्यवस्था को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक



**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम आर्ची हरित, एसडीएम विवेक सोनकर, सभी सी एम ओ नगरीय निकाय , ईई पीएचई एस.आर. जागडे सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी गांव / बसाहट /नगरीय क्षेत्र मे पेयजल की कोई भी समस्या ना आयें । कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन गांवों/नगरीय क्षेत्र में पेयजल परिवहन की आवश्यकता हो , वहां टैंकर से परिवहन कर पेयजल की व्यवस्था की जाएं। पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु ब्लॉक / नगरीय निकाय /जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली शिकायत का त्वरित निराकरण किया जाये ।

## जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य के चलते सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक

**रतलाम।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय के आदेश के परिपालन में भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जाएगा। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित रहेंगे।

## नरसिंह मंदिर की वर्षगांठ निकली कलश यात्रा



**जावरा।** सकल पंच धाकड़ समाज नरसिंहपुरा द्वारा नरसिंह मंदिर की वर्षगांठ के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा प्रमुख मार्ग हाथी खाना, भडबूंजा चौक, पुल बाजार, बजाज खाना, घंटाघर, पिपली बाजार, फटी बावड़ी से होती हुई पुन: नरसिंह मंदिर पहुंची। जहां पर विधि विधान से हवन यज्ञ अनुष्ठान जलाभिषेक महा आरती की गई। कलश यात्रा में समाजजन नृत्य करते हुवे तथा अश्वमेध पर ध्वजा लेकर घुड़सवार चल रहे थे, वही समाजजन के सदस्य भारी संख्या में चल समारोह में चल रहे थे कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया । तत्पश्चात समाज जन के सभी सदस्यों ने प्रसादी ग्रहण की।

# मिड टाउन में 2 वर्ष की मासूम की डूबने से मौत



**▸ घर में नहीं मिली तो तलाश के दौरान टंकी में मिली बच्ची**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के मिड टाउन कॉलोनी में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 2 साल की मासूम बच्ची की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

मृतका काव्या, पिता रोहन सबरवाल, सुबह करीब 11:30 बजे घर में खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक परिजनों की नजरों से ओझल हो गई। काफी देर तक बच्ची दिखाई नहीं देने पर परिवार के लोगों ने घर के हर कोने में तलाश शुरू की। दो मंजिला मकान होने के कारण ऊपर-नीचे सभी जगह खोजबीन की गई, लेकिन बच्ची का कहीं पता नहीं चला।

आखिरकार बच्ची के चाचा जुगल ने घर के पोर्च में बनी पानी की टंकी में देखा, जहां काव्या बेसुध हालत में पड़ी मिली। यह दृश्य देखते ही परिवार के होश उड़ गए।

परिजन तत्काल उसे लेकर रोटरी गार्डन के सामने स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन बच्ची को सरकारी मदर चाइल्ड केयर यूनिट (एमसीएच) लेकर पहुंचे, जहां डॉ. प्रतीक आर्या ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन सदमे में थे और उन्हें इस पर यकीन नहीं हो रहा था, इसलिए वे बच्ची को अन्य निजी अस्पतालों में भी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोपहर करीब 1:30 बजे परिजन शव लेकर घर लौटे।

सूचना मिलने पर स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि प्राथमिक जांच में बच्ची के खेलते समय टंकी में गिरने की बात सामने आई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है और इस संबंध में लिखित आवेदन भी दिया है। परिवार में हाल ही में शादी का माहौल था, लेकिन इस हादसे ने खुशियों को गहरे शोक में बदल दिया।



# गर्मी में राहत का संकल्प, प्याऊ का शुभारंभ

**नामली।** चिलचिलाती गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां आमजन पानी के लिए परेशान है, वहीं नामली के पंचेड फंटे पर समाजसेवियों की पहल राहत बनकर सामने आई है। वरिष्ठ नागरिकों के प्रयास से यहां ठंडे पानी का प्याऊ शुरू किया गया है, जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत मिल रही है और उनकी प्यास बुझ रही है।

जानकारी के अनुसार, नगर परिषद नामली द्वारा पिछले कुछ वर्षों से सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था नहीं की जा रही थी। ऐसे में सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों और समाजसेवियों ने आगे आकर इस समस्या का समाधान किया। उन्होंने पंचेड फंटे पर अस्थायी प्याऊ बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इसका शुभारंभ किया।

प्याऊ शुरू होने के अवसर पर मिठाई वितरण भी किया गया और सेवा कार्य का संकल्प लिया गया। इस पहल में वरिष्ठ समाजसेवी बंटी डाबी, मंडी विधायक प्रतिनिधि गणेश गुर्जर, ईश्वर माकड़ी, राहुल कुमावत, काना गेहलोत और विनोद शिंदे सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 5 से

**रतलाम।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) का आयोजन 5 मई से 5 जून तक किया जाएगा । आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार ,रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रुचि शर्मा, खेल संघ के पदाधिकारी एवं विभागीय प्रशिक्षक उपस्थित थे । जिला खेल अधिकारी रुचि शर्मा द्वारा बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) अन्तर्गत जिला मुख्यालय पर 4 खेल और विकासखण्ड स्तर पर 2 खेल गतिविधि का आयोजन किया जाएगा जिसका रजिस्ट्रेशन मेरा युवा एम पी पर करना अनिवार्य होगा ।

## सैलाना में ब्लॉक स्तरीय गेहूं खरीदी समिति की बैठक

**सैलाना।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । आज एसडीएम सैलाना तरूण जैन द्वारा उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु ब्लॉक स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक सैलाना में आयोजित की गई।

बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक खरीदी केंद्र पर न्यूनतम 6 कांटे संचालित रहें तथा 2 अतिरिक्त कांटे उपलब्ध रखे जाएं। हम्माल की कमी को दृष्टिगत रखते हुए मैनपावर रिव्यू कर मंडी एवं अन्य स्त्रोतों से अतिरिक्त श्रमिकों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करें । सभी केंद्रों पर छाया, पेयजल, मेडिकल किट, ओआरएस मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखे । बैठक में केंद्र के नोडल अधिकारी एवं प्रभारी की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाये तथा सभी अधिकारी/कर्मचारी को आईडी कार्ड धारण करने के निर्देश दिए । सभी केंद्रों पर बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे तथा केंद्रों के बाहर खड़ी वाहनों के लिए नंबर सिस्टम लागू करते हुए सुरक्षा के समुचित इंतजाम किये जाये। बैठक में एसडीएम ने भुगतान संबंधी व्यवस्थाओं के अंतर्गत एसी नोट एवं ईपीओ समय पर जारी करने तथा फेल्ड ट्रांजैक्शन का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। चना एवं मसूर के लंबित अपग्रेड प्रकरणों को प्राथमिकता से क्लियर करने तथा खरीदी स्लॉट का समुचित प्रबंधन करते हुए किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रखने तथा प्रभारी एवं ऑपरेटर द्वारा रात्रि में बैकलॉग क्लियर करने के निर्देश दिए।

# धार्मिक आस्था के नाम पर साइबर ठगी का जाल

**▸ चारधाम यात्रा के नाम पर ठगी से सावधान, रतलाम पुलिस ने जारी की एडवाइजरी**




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** चारधाम यात्रा के सीजन के बीच साइबर ठगों ने श्रद्धालुओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इसको देखते हुए रतलाम पुलिस ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम सेल रतलाम लगातार लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों के प्रति जागरूक कर रही है। हाल ही में सामने आया है कि ठग धार्मिक आस्था का फायदा उठाकर चारधाम यात्रा पर जाने वाले लोगों को फर्जी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सऐप नंबरों के जरिए निशाना बना रहे हैं।

ये साइबर अपराधी हेलीकॉप्टर बुकिंग, होटल/गेस्ट हाउस, टैक्सी सेवा, टूर पैकेज और यात्रा पंजीयन के नाम पर आकर्षक ऑफर देते हैं। उनकी बनाई गई वेबसाइट्स और लिंक बिल्कुल असली जैसे दिखाई देते हैं, जिससे लोग आसानी से धोखे में आ जाते हैं।

भुगतान करने के बाद ठग नकली टिकट या बुकिंग रसीद भेज देते हैं या फिर संपर्क पूरी तरह बंद कर देते हैं। इससे श्रद्धालुओं को आर्थिक नुकसान के साथ यात्रा में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रतलाम पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यात्रा से संबंधित किसी भी प्रकार की ऑनलाइन बुकिंग करते समय विशेष सावधानी बरतें और केवल अधिकृत व विश्वसनीय माध्यमों का ही उपयोग करें। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि खुद भी जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि इस प्रकार की साइबर ठगी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

**सावधानियां जो रखें ध्यान में**

- किसी भी वेबसाइट पर भुगतान से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचें।
- सोशल मीडिया या मैसेज पर मिले अनजान लिंक पर बिना सत्यापन क्लिक न करें।
- हेलीकॉप्टर, होटल, टैक्सी या टूर पैकेज की बुकिंग केवल अधिकृत वेबसाइट या विश्वसनीय एजेंसी से ही करें।
- अत्यधिक सस्ते ऑफर और जल्दबाजी में बुकिंग के दबाव से सतर्क रहें।
- किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें।
- यदि किसी के साथ इस प्रकार की ठगी होती है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या साइबर सेल से संपर्क करें।
- साथ ही राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल www.cybercrime.gov.in? पर शिकायत दर्ज करें या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

**एक नजर में** ▸ समय वृद्धि के चलते 18 माह से किसान जमीन न बेच पा रहे, न बैंक से लोन ले पा रहे

# भूमि अधिग्रहण : कानून ताक पर, किसानों के साथ अन्याय का आरोप, ज्ञापन



**जावरा।** ग्राम भूतेड़ा, सेजावता एवं बामनखेडी-सेजावता की कृषि भूमि के अधिग्रहण मामले में जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जन संघर्ष समिति ने धारा-11 की अवधि बढ़ाने एवं धारा-19 की कार्रवाई को विधि विरुद्ध एवं शून्य घोषित करने की मांग की है।

समिति का आरोप है कि कलेक्टर रतलाम द्वारा समय से पूर्व धारा-19 का प्रकाशन का एक तरफा आदेश जारी कर किसानों को सुनवाई का अवसर तक नहीं दिया गया है। गुरूवार को एसडीएम सुनील जायसवाल के बाहर होने के चलते ढोढर नायब तहसीलदार वैभव जैन को ज्ञापन देकर समिति ने अवगत कराया कि धारा-11 का प्रकाशन 21 नवम्बर 2024 को हुआ था। भूमि अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 19 (7) के तहत धारा-19 का प्रकाशन 1 वर्ष यानी 21 नवम्बर 2025 तक अनिवार्य था। लेकिन समय-सीमा समाप्त होने के 55 दिन बाद 15 जनवरी 2026 को कलेक्टर ने अखबार में सूचना प्रकाशित कर धारा-11 की अवधि 6 माह बढ़ा दी। जो गंभीर कानूनी चूक है।जन संघर्ष समिति, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थाओं ने पूर्व में लिखित आपत्ति दर्ज कराई थी, उस पर बिना सुनवाई, बिना सूचना के एकतरफा समय वृद्धि कर दी गई। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का खुला उल्लंघन है। समिति के प्रमुखो ने आरोप लगाते हुए बताया कि समाप्त मियाद को जिंदा नहीं किया जा सकता, 21 नवम्बर 2025 को जब धारा-11 की वैधता ही समाप्त हो चुकी थी, तो 15 जनवरी 2026 को उसे 6 माह बढ़ाना कानूनन गलत है। मरी हुई प्रक्रिया को पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। समय वृद्धि के कारण पिछले 18 माह से किसान अपनी जमीन न बेच पा रहे हैं, न बैंक से लोन ले पा रहे हैं। यह किसानों का आर्थिक शोषण व उनके जीविकोपार्जन के मौलिक अधिकार का हनन है। समय से पूर्व धारा-19 का प्रकाशन यदि प्रशासन 6 माह की विस्तारित अवधि मान भी ले तो धारा-19 की अंतिम तिथि 21 मई 2026 है। इससे पूर्व 29/04/2026 को धारा-19 प्रकाशित करना भी विधि विरुद्ध है।

**ये रहे उपस्थित:** सुनील पोखरना, मनोज मेहता, रंजीत सिंघल, राजेश कोठारी, उबेद अंसारी, गुड्डू पठान, फरजाना खान, असलम मेव, जीतू मालवीय, दिनेश नायमा, जगदीश सोलंकी, आरडी. धाकड़, मुकेश धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, अब्बास बोहरा, नरेंद्र सेठिया, फरीद हुसैन, सिकंदर मेव, विकास आदि जन संघर्ष समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**▸ ...तो हाई कोर्ट में दायर करेंगे रिट याचिका**

15 जनवरी 2026 का धारा-11 की अवधि बढ़ाने वाला आदेश तत्काल निरस्त किया जाए। समिति की लंबित आपत्तियों पर तत्काल सुनवाई कर विधिसम्मत निराकरण किया जाए। 21 मई 2026 तक धारा-19 प्रकाशित न होने पर लिखित प्रमाण-पत्र जारी हो कि अधिग्रहण प्रक्रिया निरस्त हो गई है एवं समस्त भूमि भार-मुक्त है। भविष्य में प्रभावित किसानों को पूर्व सूचना एवं सुनवाई का अवसर अनिवार्य रूप से दिया जाए। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस में कानूनी बिंदुओं पर कार्रवाई नहीं हुई तो उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका दायर की जाएगी। प्रशासन किसानों की जमीन हड़पने के लिए कानून को ताक पर रख रहा है। धारा-11 और धारा-19 में विधायी संबंध न होने से पूरी प्रक्रिया शून्य है। इसे तत्काल निरस्त किया जाए।

## गुलाब चक्कर में सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

**रतलाम।** गुलाब चक्कर सांस्कृतिक हृदय केंद्र स्थित नवरंग चिल्ड्रेन्स ग्रुप के तत्वावधान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रकृति एवं जल संरक्षण की महत्ता को गीत, संगीत, नृत्य एवं नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 6 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन माधव शर्मा एवं ऋषिकेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यंग्य नृत्य नाटिका 'चार किस्से चौपाल के' का मनोरंजक मंचन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसका निर्देशन सुश्री लता बख्शी एवं ऋषिकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बैकग्राउंड स्टेज सहयोग श्रीमती रश्मि शर्मा एवं विनीता जोशी द्वारा प्रदान किया गया। पारितोषिक वितरण सुश्री लता बख्शी एवं सीमा संजीव प्रभु द्वारा किया गया।